हिन्दी साान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–51 : जौनपुर, शनिवार 15 अक्टूबर 2022 साान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## यूपी में विराजती है देश की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आत्मा –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की संस्कृति, समृद्धि व विकास में डाक विभाग का बड़ा योगदान है। पहले जब दूरसंचार सेवाएं न के बराबर थीं और आवागमन के साधन कम थे। देश–प्रदेश का हर परिवार डाक सेवा से जुड़ा था। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को अलीगंज स्थित ललित कला अकादमी में आयोजित 12वीं उत्तर प्रदेश डाक टिकट प्रदर्शनी के शुभारंभ पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अभी ज्यादा समय नहीं बीता है जब पोस्ट ऑफिस विकास का केंद्र बिंदु हुआ करता था। सूचनाओं का आदान–प्रदान हो, पैसे भेजना हो या फिर छोटी बचत के खाते खुलवाना हो। इससे प्रदेश का हर गांव जुड़ा हुआ था। उन्होंने कहा कि टिकटों ने डाक विभाग के प्रति एक अलग आकर्षण पैदा किया है। इसके 300 से ज्यादा फ्रेम हैं जिसमें आजादी के बाद से अब तक के समय को दर्शाया गया है। भगवान राम वन गमन पथ के 14 केंद्र भी स्पेशल कवर में दिखाए गए हैं। टिकट खुद में इतिहास को समेटे हुए है। यह रचनात्मकता से जोड़ता है। राम ने 12 वर्ष यूपी में बिताए। वन गमन के एक एक स्थल हैं, जो दिखाते हैं कैसे राम ने उस वक्त के समाज का उत्थान किया। बुद्ध ने पहला ज्ञान सारनाथ में दिया। यूपी में कुशीनगर, कौशांबी, संकिसा और सारनाथ




सहित बुद्ध से जुड़े 6 स्थल जहां दुनियाभर से लोग आते हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आत्मा विराजती है। कुंभ के लिए प्रयागराज की पहचान बन चुकी है। आजादी की लड़ाई में देश के सामने 1857 से लेकर 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन तक यूपी से शुरू हुए हैं। इनकी जानकारी डाक टिकट द्वारा देकर बच्चों का देकर ज्ञान वर्द्घन किया जाएगा। यूपी में धूप भी हैं और 17 जिलों में बाढ़ भी आई हुई है। उन्होंने कहा कि डाक टिकट इतिहास को समझने का बेहतर तरीका है। देश, विरासत और संस्कृति को इससे समझााया गया है। 12वीं उत्तर प्रदेश डाक टिकट प्रदर्शनी में राम वन गमन पथ का विशेष आवरण और डिफिनेटिव स्टाम्प थीमेटिक पैक का विमोचन किया गया है। कार्यक्रम में विधायक नीरज बोरा, जय देवी और अमरेश कुमार मौजूद रहे।

## मुंबई के कलाकारों द्वारा फिल्म राम लखन बजरंगी की शूटिंग हुई चालू

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : महराजगंज ब्लॉक अंतर्गत कोल गांव में ब्रिदइन बैनर तले भोजपुरी फिल्म राम लखन बजरंगी की शूटिंग शुरू हुई इस गांव में जगह–जगह कई स्थानों पर फिल्म की शूटिंग की गई फिल्म प्रोड्यूसर सुमन रिशोम पाण्डेय ने बताया कि हमारा गृह जनपद होने के कारण इस फिल्म की पूरी शूटिंग जौनपुर जिले के विभिन्न गांवों में होगी जहां पर सबसे अधिक सूटिंग कोल गांव में की जा रही है यहां पर विद्यालय, मंदिर, पीली नदी का किनारा तथा प्राकृतिक वातावरण से यह गांव सुशोभित है जिसे लेकर शूटिंग की जा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि डॉ ज्ञान प्रकाश मिश्र, जमीदार सिंह, वीरेंद्र सिंह के यहां अब तक की शूटिंग की गई वार्ता के दौरान बताया कि फिल्म के हीरो के रूप में देव सिंह राम का किरदार निभा रहे हैं तथा आदित्य मोहन लखन का प्रिंस सिंह राजपूत बजरंगी काऔर विलन का रोल गिरीश शर्मा कर रहे हैं तथा महिला अभिनेत्रियों में श्यामली श्रीवास्तव, पायस पंडित, आयशा कश्यप अभिनय कर रही हैं यह फिल्म भगवान राम की प्रेरणा और उनके आदर्शों की तर्ज पर है जहां एक ठाकुर के आतंक से पूरा गांव पीड़ित है वही राम लखन और बजरंगी मिलकर तीनो भाई उस ठाकुर का अंत करते हैं और गांव में रामराज्य लाते हैं। इस फिल्म का मुख्य उद्देश्य गांव के आपसी प्रेम सौहार्द को



बनाए रखने का एक जीता जागता सबूत होगा और उन्होंने यह भी बताया कि यह फिल्म होली के लगभग रिलीज होगी फिल्म के डायरेक्टर राजीव राय ने वार्ता के दौरान बताया कि फिल्म कि जो औपचारिकताएं हैं वह इस गांव में मिल रही हैं और बड़े अच्छे तरीके से फिल्म की शूटिंग की जा रही है। फिल्म में ठाकुर तपेश्वर सिंह का रोल कर रहे गिरीश शर्मा ने वार्ता के दौरान बताया कि अब तक हमारे द्वारा अमिताभ बच्चन, रवि किशन, गुलशन ग्रोवर, नगमा, भाग्यश्री जैसे बड़े कलाकारों के साथ अभिनय करने का मौका मिला है और सैकड़ों फिल्म तथा बहुत सारे टीवी सीरियल में अब तक हमने काम किया है। लेकिन इस गांव में आकर मुझे जो प्यार मिला है उसकी भी मैं तारीफ करूंगा और फिर मौका मिलेगा इस गांव में तो जरूर शूटिंग के लिए आऊंगा इस मौके पर पं. राज नारायण मिश्र, दिनेश मिश्र, उपदेश मिश्र, राम मिश्र, आशीष, दिनेश, गुड्डू तथा सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष शूटिंग देखने के लिए उपस्थित रहे।

## हाथ धोना हमारे स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है –नंदिनी सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आजादी के अमृत महोत्सव की कार्य योजना के अंतर्गत 'विश्व हाथ धुलाई दिवस' के अवसर पर आज दिनांक 15 अक्टूबर 2022 को नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एन सी सी विंग द्वारा एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता जागरूकता एवं संक्रामक रोगों से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से हैंड वॉश के महत्व को दर्शाया गया कि सही तरीके से हाथों की सफाई की जाए तो हम विभिन्न प्रकार के संक्रमण से बच सकते हैं। हाथों के जरिए ही संक्रमण और बैक्टीरिया आसानी से शरीर में चले जाते हैं और बीमारियां पैदा करते हैं। सर्दी, जुकाम, श्वसन तंत्र के संक्रमण, पेट के रोग आदि सही प्रकार से हाथ न होने धोने के कारण हो सकते हैं। इसलिए हमेशा खाना खाने से पहले, खाना खाने के बाद, तथा शौच के पश्चात हाथ अवश्य धोने चाहिए, जिससे कई घातक बीमारियों से बचा जा सकता है। प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने कैडेट्स द्वारा



चलाए जा रहे इस अभियान में उन का उत्साहवर्धन किया। अभियान में 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी के सूबेदार बिमल क्षेत्रीय तथा नायक रोहित भी शामिल रहे। कैडेट प्रिया यादव ने हाथ धोने के सही तरीके का डेमोंसट्रेशन भी किया। तनु सारस्वत,सौम्या भंडारी और नंदिनी सिंह ने संवाद के माध्यम से सभी को जागरूक किया कि हाथ धोना हमारे स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। आज के अभियान में कैडेट सगलगुन कौर, वसुंधरा गंगवार, नंदिनी सिंह, प्रिया यादव, पंखुड़ी, आंचल, अर्पिता, हरशीन कौर, दीपाली तिवारी, रिया कश्यप,वर्षा यादव, जया दुबे, विदुषी शुक्ला, अंजली राय समेत लगभग 140 से अधिक संख्या में कैडेट्स ने सहभागिता की।

## सांड–नीलगाय के हमले में मौत होने पर पीड़ित परिवार को मिलेगा 4 लाख रुपये का मुआवजा

लखनऊ ब्यूरो : राजस्व विभाग ने केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित आपदा राहत की नई सहायता राशि को प्रदेश में लागू करने की मंजूरी दे दी है। इस फैसले के तहत आपदा में किसी व्यक्ति के 40 से 60 प्रतिशत तक अपंग होने पर 59,100 रुपये के स्थान पर अब 74 हजार रुपये की मदद राज्य आपदा मोचन निधि से दी जाएगी। इसी तरह 60 से 80 प्रतिशत तक अपंग होने पर 2 लाख के स्थान पर 2.50 लाख रुपये मिलेंगे। हालांकि आपदा में मृत्यु पर आश्रित परिवार को मिलने वाली राशि चार लाख रुपये में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। सांड व नीलगाय के हमले से होने वाली मौत को आपदा की श्रेणी में रखा गया है। प्राकृतिक आपदा में चोटिल होने पर एक सप्ताह से अधिक अवधि के लिए अस्पताल में भर्ती होने पर 16 हजार रुपये मिलेंगे। अब तक पीड़ितों को 12,700 रुपये मिलते थे। वहीं, एक सप्ताह से कम अवधि तक भर्ती होने पर 4200 के स्थान पर 5400 रुपये मिलेंगे।




आपदा में किसी परिवार की आजीविका प्रभावित होने पर पहले 60 रुपये प्रति वयस्क, 45 रुपये प्रति अवयस्क 30 से 90 दिन तक मिलते थे। अब परिवार के दो वयस्कों को 213 रुपये प्रतिदिन की दर से 30 से 90 दिन तक गुजारा भत्ता मिलेगा। कपड़े नष्ट होने पर 1800 की जगह 2500 रुपये और बर्तन नष्ट होने पर 2000 की जगह 2500 रुपये दिए जाएंगे।

## दो साल से फरार चल रहे आईपीएस मणिलाल पाटीदार ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

लखनऊ ब्यूरो : दो साल से फरार चल रहे आईपीएस अफसर मणिलाल पाटीदार ने शनिवार को लखनऊ कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। वह महोबा के पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे तब उन्हें भ्रष्टाचार के एक मामले में निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने महोबा के एक खनन व्यापारी से छह लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। उन्हें 9 सितंबर 2020 को निलंबित किया गया था तब से वह फरार थे। एसआईटी ने उन्हें व्यापारी को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराया था। उन पर महोबा कोतवाली और विजिलेंस में मुकदमा दर्ज किया गया था। मणिलाल पाटीदार 2014 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। एडीजी जोन प्रयागराज ने उन पर एक लाख रुपये का पुरस्कार घोषित किया था। उत्तर प्रदेश की तमाम पुलिस व एजेंसी मणिलाल पाटीदार को पकड़ने में नाकाम रही। उन्होंने आज लखनऊ में एडीजे 9 की कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। महोबा के खनन व्यापारी इंद्रकांत त्रिपाठी ने 7 सितंबर 2020 को वीडियो वायरल कर पुलिस अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाए थे। इंद्रकांत त्रिपाठी को 9 सितंबर 2020 को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगी थी और 14 सितंबर को कानपुर के अस्पताल में निधन हो गया था। प्रदेश सरकार ने तत्कालीन आईजी वाराणसी विजय सिंह मीणा की अध्यक्षता में एक एसआईटी का गठन कर जांच के लिए महोबा भेजा था। बार–बार बुलाए जाने के बाद भी पाटीदार एसआईटी के सामने पेश नहीं हुए थे। एसआईटी ने अपनी जांच में पाटीदार को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी माना था।

## डॉ. पुनीत मिश्रा ने मशीन लर्निंग और इसके अनुप्रयोग विषय के बारे में विस्तार से बताया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कम्प्यूटर सोसाइटी ऑफ इण्डिया, लखनऊ चौप्टर और बाबू बनारसी दास इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित "मशीन लर्निंग और इसके अनुप्रयोग (Machine Learning and its Applications)" विषय पर बाबू बनारसी दास इंजीनियरिंग कॉलेज में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयन्ती के अवसर पर बीबीडीईसी के सेमिनार हॉल में दिनाँक 15 अक्टूबर 2022 (शनिवार) को एक कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सीएसआई लखनऊ चैप्टर डॉ श्याम कुमार गर्ग, श्री विनय कुमार जौहरी श्री सत्येन्द्र कुमार गुप्ता, लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ अजय गुप्ता और श्री राजेन्द्र कालरा आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। डॉ मोनिका मेहरोत्रा, निदेशक, डॉ अविनाश गुप्ता, सीएसआई छात्र शाखा काउंसलर और विभिन्न छात्रों के साथ बीबीडीईसी के सीएस / आईटी के अन्य संकाय भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि दी गई। बीबीडीईसी ने अतिथि वक्ता, सीएसआई लखनऊ चैप्टर के अवैतनिक सचिव और बीबीडीईसी के निदेशक को गुलदस्ता भेंट किया। डॉ. अलका सिंह ने अतिथि वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय के डॉ. पुनीत मिश्रा, सीएसआई लखनऊ चौप्टर के सभी गणमान्य व्यक्तियों, बीबीडीईसी के फैकल्टी सदस्यों, छात्रों, मीडिया पर्सन और दर्शकों में मौजूद अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने अतिथि वक्ता डॉ. पुनीत मिश्रा को अपने व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया। डॉ. पुनीत मिश्रा ने छात्रों और पूरे दर्शकों के लाभ के लिए "मशीन लर्निंग और इसके अनुप्रयोग विषय के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के बारे में बताया जहाँ मशीन लर्निंग का उपयोग किया जा सकता है और इसके उपयोगों का प्रदर्शन भी किया। उनकी बातचीत के



बाद एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों और दर्शकों ने प्रश्नों को उठाया और डॉ. मिश्रा ने उनकी संतुष्टि के लिए प्रश्नों को सम्बोधित किया। डॉ. अलका सिंह ने डॉ. श्याम कुमार गर्ग को सीएसआई और इसकी गतिविधियों के बारे में दर्शकों के साथ साझा करने के लिए आमंत्रित किया। डॉ. गर्ग ने तकनीकी चर्चा, सीएसआई लखनऊ द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों और इसकी वेबसाइट और न्यूज लैटर के प्रकाशन आदि के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों और संकाय सदस्यों को कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया की सदस्यता का विकल्प चुनने के लिए भी प्रेरित किया। श्री विनय कुमार जौहरी ने सीएसआई लखनऊ की आगामी इवेन्ट्स के बारे में दर्शकों को बताया एवं यह भी बताया कि डा. पुनीत मिश्रा सीएसआई रीजन–1 के स्टेट स्टूडेन्ट कोआर्डिनेटर भी हैं और उनके अनुभव का लाभ इंसटीट्यूट एवं छात्रों को मिलेगा। डॉ. अलका सिंह ने सीएसआई स्टूडेन्ट ब्रान्च के छात्र पद धारकों के नामों की घोषणा की और विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीबीडीईसी ने गेस्ट स्पीकर, सीएसआई लखनऊ चैप्टर के गणमान्य व्यक्तियों और मीडिया पर्सन को सम्मानित किया। अन्त में डॉ. अलका सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मीडिया पर्सन, स्टूडेंट्स, फैकल्टी मेम्बर्स सहित श्रोताओं में मौजूद सभी गणमान्य लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने भविष्य में इस तरह के और कार्यक्रम आयोजित करने और सीएसआई लखनऊ चैप्टर के तकनीकी सहयोग से विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने का भी वादा किया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## रामलीला में रावण का वध होते ही जय श्री राम के लगे नारे : भक्ति में डूबा पूरा पंडाल

सुजानगंज,जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानी क्षेत्र के मोहरियाव ग्राम सभा में आदर्श रामलीला धर्म मंडल समिति मोहरियाव के तत्वाधान में रामलीला के चौथे दिन का शुभारंभ श्री विश्वभर नाथ दुबे के कर कमलों द्वारा शुरू किया गया वहीं पर साथ में उपस्थित पूर्व प्रधान श्री गुरु प्रसाद मिश्र एवं गोपाल मणि तिवारी ने फीता काटकर किया. इस दौरान गुरु प्रसाद मिश्र ने कहा कि आदर्श रामलीला धर्म मंडल समिति के संस्थापक स्वर्गीय श्री राम जीत तिवारी जी को बार–बार नमन करते हैं जिन्होंने हम सभी को आदर्श रामलीला धर्म मंडल समिति को धरोहर के रूप में प्रदान किया और उनके द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करते हुए हमारे पूरे क्षेत्र के लोग और सभी पदाधिकारी पात्र गढ़पुरा भाव में लगे हुए हैं मैं सब का धन्यवाद देता हूं जो रामलीला समिति को प्रतिवर्ष पूरी मेहनत लगन कर्तव्य निष्ठा के साथ लगे रहते हैं. रामलीला के अन्तिम दिवस पर लक्ष्मण शक्ति अंगद रावण संवाद रावण वध का मंचन किया गया जिसमें लक्ष्मण शक्ति लगते ही भगवान श्री राम के विलाप को सुनते ही लोगों के आंखों में आंसू छलक पड़े वहीं पर अंगद रावण संवाद का भी मंचन किया गया जिसमें सभी लोगों ने अंगद के पांव को हिलाना चाहा लेकिन कोई हिला नहीं सका फिर अंत में रावण जब पैर पकड़ने चलता है तो अंदर अपने पैर को हटा लेते हैं और बोलते हैं अगर पैर ही पकड़ना है प्रभु श्री राम का पकड़िए जिसके हम दूत बनकर आए हैं अंत में मेघनाथ भी युद्ध में मारा जाता है कुंभकरण जैसे योद्धाओं का पराजित हो जाने के बाद रावण खुद युद्ध करने के लिए पहुंचता है और अंत में भगवान श्री रामचंद्र जी के हाथों से उसका भी उद्धार होता है जैसे ही रावण का वध हुआ वैसे ही जय श्रीराम जय श्रीराम के जयकारे से पूरा पंडाल भक्ति में हो गया. इस अवसर पर अरविंद तिवारी, कमलेश दुबे,चांद मोहम्मद, राकेश यादव, प्रिंस मिश्र, केशव मिश्र, पप्पू पांडे अनमोल दुबे, बड़े चौबे, विमल दुबे सहित रामलीला के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक संपन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : आज राज्य कर्मचारी महासंघ जनपद शाखा जौनपुर की बैठक सिंचाई विभाग स्थित संघ कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री संजय कुमार चौधरी ने किया। बैठक में राज्य कर्मचारी महासंघ के समस्त संबद्ध घटक संघों/परिसंघों के पदाधिकारियों ने सहभाग किया। बैठक में



राज्य कर्मचारी महासंघ जौनपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन/चुनाव कराए जाने पर सहमति बनी। बैठक में राज्य कर्मचारी महासंघ शाखा जौनपुर का चुनाव कराए जाने हेतु तिथि की घोषणा महासंघ की अगली निर्धारित बैठक 1 नवंबर 2022 को की जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ से संबंधित समस्त घटक संघ को 1 नवंबर 2022 के सिंचाई विभाग स्थित संघ कार्यालय की बैठक में आमंत्रित किया गया है। बैठक में जिलाध्यक्ष ग्राम विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन, सुजीत कुमार सिंह व राजीव कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ कर्मचारी नेता, अच्छेलाल पाल लोक निर्माण विभाग, श्रीराम, अरविंद यादव अध्यक्ष मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन इरीगेशन , बृजेश त्रिपाठी वरिष्ठ कर्मचारी नेता सिंचाई विभाग, प्रभुदयाल प्रांतीय अतिरिक्त महामंत्री, अशोक यादव प्रांतीय संगठन मंत्री, प्रमोद पाठक प्रान्तीय प्रचार मंत्री, शिवकुमार यादव जिला मंत्री उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, शम्स तबरेज खान जिला उपाध्यक्ष सफाई कर्मचारी संघ, हीरालाल भारती कोषाध्यक्ष, समरनाथ यादव उपमंत्री, रामसमुझ यादव जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती अंजू गौतम प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्रीमती सुनीता यादव जिला अध्यक्ष आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ आदि कई विभागो से आए हुए कर्मचारी नेता लोग बैठक में उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
विश्वास वह पंक्षी है जो प्रभात के पहले ही प्रकाश शुरु कर देता है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# चिंता का विषय है गैर संचारी बीमारियों का बढ़ता ग्राफ

अग्रणी निजी अस्पताल मेदांता में एंडोक्रिनोलॉजी और डायबिटीज के सीनियर कंसल्टेंट मोहम्मद शफी कहते हैं, 'बच्चों में मोटापे के कारण इंसुलिन प्रतिरोध और मधुमेह, उच्च रक्तचाप, उच्च रक्त कोलेस्ट्रॉल के स्तर, पित्त पथरी और लीवर से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं।

पिछले महीने राजनीतिक खबरों के बीच एक रिपोर्ट की ओर अपेक्षाकृत ध्यान कम ही गया। यह थी, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से जारी एक नई रिपोर्ट, 'अदृश्य आंकड़ा–गैर–संचारी रोगों का सही पैमाना'। इसमें रेखांकित किया गया है कि पूरी दुनिया में हर दो सेकंड में गैर–संचारी रोगों से सत्तर वर्ष से कम उम्र के एक व्यक्ति की मौत हो जाती है और ऐसी 86 फीसदी मौतें निम्न और मध्यम आय समूह वाले देशों में होती हैं। नॉन कम्युनिकेबल डिसीज (एनसीडी) यानी गैर–संचारी रोग जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां हैं।

आमतौर पर, ये हृदय रोग, कैंसर, पुरानी सांस की बीमारियां और मधुमेह की बीमारी हैं। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि 2019 में भारत में हुई मौतों में से 66 फीसदी के लिए चिंताजनक रूप से एनसीडी जिम्मेदार थे। अधिकांश भारतीय अब जीवनशैली की बीमारियों से मर रहे हैं, न कि संक्रामक रोगों से। हममें से हर कोई किसी न किसी बीमारी के कारण समय से पहले मरने वाले किसी न किसी व्यक्ति को जानता है। कुछ प्रमुख कारण, जो किसी के जीवन को जोखिम में डालते हैं, वे हैं अस्वास्थ्यकर आहार, शारीरिक गतिविधि की कमी और तंबाकू तथा शराब का सेवन।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 में भारत में 60.46 लाख लोगों की मौत हुई। वास्तव में चिंताजनक बात यह है कि हृदय रोग, कैंसर, मधुमेह या क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिसीज (सीओपीडी, यह रोगों का ऐसा समूह है, जिसमें रोगी को सांस लेने में कठिनाई होती है) सहित इनमें से किसी एक प्रकार की गैर–संचारी बीमारी के कारण 30 से 70 वर्ष की आयु के लोगों में मृत्यु की 22 फीसदी संभावना थी। अनेक लोग सोचते हैं कि जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां, जिन्हें स्वास्थ्य विशेषज्ञ गैर–संचारी रोगों के रूप में चिह्नित करते हैं, सिर्फ अमीर लोगों को होती हैं। यह सही नहीं है।

ये बीमारियां फैल रही हैं, और आप जान सकते हैं कि निम्न आय समूहों वाले भारतीयों और गांवों में रहने वाले लोगों में भी जीवनशैली से जुड़ी ये बीमारियां हो रही हैं। एक बड़ी समस्या तो यही है कि हमारे देश में अधिकांश लोग जोखिम से जुड़े कारकों के बारे में कुछ जानते ही नही हैं, या उन्हें पता ही नहीं होता कि वे उच्च रक्तचाप जैसी किसी बीमारी से ग्रस्त हैं। दरअसल हमारे यहां सालाना मेडिकल जांच की परंपरा ही नहीं हैय अधिकांश लोग इसका खर्च वहन नहीं कर सकते, इसलिए उन्हें किसी तरह की पूर्व चेतावनी नहीं मिल सकती।

एक और परेशान करने वाला रुझान यह है कि वयस्कों और बच्चों में मोटापे की समस्या बढ़ रही है, जिसकी वजह से जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का जोखिम भी बढ़ रहा है। हम इसके बारे में ज्यादा बातें नहीं करते हैं, क्योंकि इस देश में लाखों लोग अब भी भूखे सो जाते हैं, फिर भी, अधिक वजन वाले भारतीयों की बढ़ती संख्या के बारे में पता होना असंभव नहीं है। बेशक कम संख्या में, लेकिन निम्न आय समूहों में भी यह समस्या है। इसके कारण बहुत जटिल हैं। स्कूली बच्चों में मोटापे की समस्या का क्या हश्र होगा?

अग्रणी निजी अस्पताल मेदांता में एंडोक्रिनोलॉजी और डायबिटीज के सीनियर कंसल्टेंट मोहम्मद शफी कहते हैं, 'बच्चों में मोटापे के कारण इंसुलिन प्रतिरोध और मधुमेह, उच्च रक्तचाप, उच्च रक्त कोलेस्ट्रॉल के स्तर, पित्त पथरी और लीवर से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। मोटापे से ग्रस्त बच्चे जल्दी थक जाते हैं और उनमें व्यायाम करने की क्षमता घटने लगती है। मोटापा बच्चों पर मनोवैज्ञानिक असर भी डालता है, जिससे ऐसे बच्चों में हीन भावना बढ़ने लगती है, उनका शरीर बेडौल हो जाता है, चिंता तथा चिड़चिड़ापन बढ़ने लगता है, जिससे वे अवसाद का शिकार भी हो सकते हैं।

बच्चों में मोटापे के सामाजिक परिणाम सामाजिक गतिविधियों में कम भागीदारी और साथियों के साथ कम बातचीत के रूप में सामने आते हैं।' स्वास्थ्य विशेषज्ञ और जन स्वास्थ्य से जुड़े थिंक टैंक पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया में कार्यरत शिफालिका गोयनका बढ़ते बाल मोटापे के कारकों को समझने पर जोर देती हैं। अगर भारत के भीड़–भाड़ वाले शहरों के गरीब इलाकों में भी बच्चों का मोटापा बढ़ने लगा है, तो इसका कारण यह है कि संकट में पड़े लोग नौकरी की तलाश में शहरों की ओर पलायन करते हैं।

शहरों में उन्हें खराब स्वच्छता और बदतर परिवेश में रहना होता है। गोयनका कहती हैं, 'वे अपनी अल्प आय का उपयोग अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ खरीदने के लिए करते हैं, जिनसे उन्हें जरूरत की कैलोरी भी नहीं मिलती।' हमें मोटापा, अल्प–पोषण और जलवायु परिवर्तन के बीच की कड़ी को भी देखना होगाय ये तीनों एक ही प्रणालियों और नीतियों से संचालित हैं। जलवायु परिवर्तन हर चीज को प्रभावित कर रहा है। गोयनका कहती हैं, सूखा, जैसी मौसम की चरम स्थितियों के कारण कृषि में बदलाव आ सकता है, जिससे खाद्य असुरक्षा बढ़ सकती है और अंततः अल्प–पोषण में वृद्धि हो सकती है।

इसके साथ ही वह यह भी कहती हैं कि जलवायु परिवर्तन बुनियादी खाद्य वस्तुओं, विशेष रूप से फलों और सब्जियों की कीमतों को भी प्रभावित कर सकता है, संभावित रूप से प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की बढ़ती खपत बढ़ा सकता है, और इसलिए खाद्य और कृषि नीतियों, परिवहन, शहरी डिजाइन और भूमि उपयोग प्रणालियों में आमूल–चूल प्रणालीगत परिवर्तन की आवश्यकता है। स्पष्ट रूप में हमें जीनवशैली से जुड़ी बीमारियों और जोखिम वाले कारकों को लेकर और अधिक जागरूकता फैलाने की जरूरत है। ऐसी बीमारियों के लिए उनसे पीड़ित लोगों को ही अकेले जिम्मेदार ठहराना नुकसानदेह हो सकता है।

हमें इस बारे में जागरूकता की आवश्यकता है कि स्वस्थ भोजन क्या है और हानिकारक भोजन क्या है और प्रसंस्कृत खाद्य सामग्री पर चेतावनियां हैं या नहीं। जमीनी स्तर पर हमें पैदल चलने वालों के लिए अनुकूल स्थान, सुव्यवस्थित पार्क और लड़कियों की सुरक्षा की आवश्यकता है, ताकि लोग बाहर निकल कर पैदल चलने के लिए प्रेरित हों। हरे–भरे पेड़ के छत्रों के माध्यम से स्वच्छ हवा और गर्मी के शमन की भी आवश्यकता होती है। इन सबसे ऊपर, जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को मुख्यधारा के विमर्श में लाने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए, क्योंकि हमारा भविष्य दांव पर है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## महराजगंज के नवरतन से मिलेंगे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव : मासूम का वायरल वीडियो देख बुलाया सैफई

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के देहावसान की सूचना पर अकेले ट्रेन में बैठकर सैफई जा रहे 10 वर्षीय नवरतन यादव ऊर्फ साजन का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद वह चर्चा में आ गया है। नवरतन के बारे में जानकारी होने पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उसे मिलने के लिए सैफई बुलाया है। शुक्रवार की दोपहर पूर्व विधायक मुन्ना सिंह व निवर्तमान जिलाध्यक्ष आमिर हुसैन उसे लेकर सैफई के लिए रवाना हो गए हैं। साइकिल लेकर गांव–गांव घूमकर प्रचार करता है साजन। महराजगंज जिले के मलनी फुलवरिया गांव निवासी सिकंदर यादव का पुत्र नवरतन यादव ऊर्फ साजन गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच का छात्र है। इस छोटी उम्र में ही वह साइकिल लेकर गांव–गांव घूम समाजवादी पार्टी का प्रचार भी करता है। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के देहावसान की सूचना मिलने पर वह बिना स्वजन को बताए अकेले सैफई जाने के लिए सोमवार को लक्ष्मीपुर स्टेशन पर ट्रेन में बैठ गया। गोरखपुर स्टेशन से वह दूसरी ट्रेन पकड़ कर सैफई के लिए रवाना हो गया। गलत रास्ता बताने के वजह से भटक गया बच्चा नवरतन ने बताया कि इटावा पहुंचने पर कुछ लोगों ने गलत रास्ता बता दिया। जिससे सैफई न जाकर कानपुर चला गया। वहां बच्चे को अकेला देख कानपुर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी के जवानों ने उसे रोककर जब जानकारी ली, तो उसने पूरा घटनाक्रम बताते हुए घर जाने की इच्छा व्यक्त की। जिस पर जवानों ने पिता सिकंदर यादव से बात की। बेटे के कानपुर होने की सूचना मिलते ही पिता व चाचा



कानपुर रवाना हो गए। गुरुवार रात आठ बजे के करीब दोनों लोग उसे लेकर गांव पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बच्चे को बुलाया सैफई। गुरुवार को नवरतन व जीआरपी पुलिस के संवाद का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने से देखते ही देखते वह चर्चा में आ गया। इस बात की जानकारी जब पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को हुई तो उन्होंने नवरतन से मिलने की इच्छा व्यक्त की। शुक्रवार की सुबह नौ बजे के करीब उन्होंने निवर्तमान जिलाध्यक्ष से बच्चे के बारे में जानकारी कर उसका कुशल क्षेम पूछा। जानकारी होने पर पूर्व विधायक कुंवर कौशल सिंह ऊर्फ मुन्ना सिंह नवरतन यादव के घर गए तो उसने भी सैफई चलकर अखिलेश यादव से मिलने की इच्छा व्यक्त की। निवर्तमान जिलाध्यक्ष आमिर हुसैन ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का सुबह फोन आया था। वह नवरतन को लेकर चिंतित थे कि वह सकुशल घर पहुंच गया या नहीं। हम लोग उसे लेकर सैफई जा रहे हैं।

## गर्रा नदी के लगातार बढ़ रहे जल स्तर से कहारकोला गाँव के नदी में समाये कई घर

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : पहाड़ों एवं मैदानी इलाकों में लगातार बारिश होने से कई दिनों से गर्रा नदी का जल स्तर बढ़ रहा है। नदी का जल स्तर बढ़ने से नदी के किनारे बसे कई मकान समेत घरेलू सामान नदी में समा गया। नदी का जल स्तर बढ़ने से सैकड़ों बीघा जमीन जलमग्न हो गई। नदी के किनारे रहने वालों में काफी दहशत का माहौल है। गाँव में लगातार हो रहे कटान के भय से कई लोगों ने नदी के किनारे बने अपने मकान के लिलटर स्वयं तोड़ लिए।और अपना घरेलू सामान सुरक्षित स्थान पर पहुँचा दिया फिर भी कई मकान बाढ़ की चपेट में आकर नदी में समा गये। बाढ़ से पीड़ितों को गाँव के प्राथमिक विद्यालय में ठहरने का समुचित प्रबंध किया गया है। ग्राम प्रधान एवं प्रशासन की ओर से पीड़ितों को खान पान का प्रबंध किया जा रहा है। डाक्टरों की टीम भी लगातार ग्रामीणों को दवा का वितरण कर उनका प्राथमिक उपचार करने में जुटी हुई है।आपको बता दें कि गर्रा नदी में जब भी बाढ़ आती है तो नदी कहारकोला गाँव समेत क्षेत्र के पिपरिया, कूड़ी,खिरिया, चन्दरमपुर,कपूरा पुर ख्वाजकीपुर,बाबरपुर, रणधीर पुर, अटर्जी, लालुआपुर, आदि दर्जनों गांवों के आसपास पानी पहुंच चुका है। पानी भरने से कई स्थानों पर खेतों में खड़ी फसल को नुकसान हो गया है। अचानक गर्रा नदी का जल स्तर बढ़ने से नदी के किनारे बसे गाँव के लोगों में



दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी प्रकार नदी का जल स्तर बढ़ता रहा तो वह दिन दूर नहीं कि बाढ़ का पानी गाँव में प्रवेश कर भीषण तबाही मचा देगा।साथ ही पानी का जल स्तर बढ़ने से नदी से सटा हुआ खड़ंजा भी क्षतिग्रस्त होकर नदी की आगोश में समाते देर नहीं लगेगी। जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है।गाँव का पाली से सम्पर्क मार्ग कट गया है।आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है।ग्रामीणों को नदी पार करने में नाव का ही एकमात्र विकल्प बचा है। हर ओर पानी ही पानी नजर आ रहा है। नदी के किनारे बसा गाँव कहारकोला टापू बन गया है।वहीं लोग अपना आशियाना स्वयं गिराकर सुरक्षित स्थानों पर पलायन कर रहे हैं। गाँव के कोटेदार देश राज ने बताया कि शनिवार को कटान के भय से महिपाल, रामफेरे और स्वयं मैंने भी अपने –अपने लिलटर तोड़ लिए क्योंकि हम लोगों के मकान कटान की जद में थे। नदी के बढ़ते जल स्तर से काफी नुकसान हो रहा है।

## राज कॉलेज में सूचितापूर्ण ढंग से पेट की परीक्षा कराई गई सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रारंभिक आहर्ता परीक्षा पूरे जनपद के 37 परीक्षा केंद्रों पर दूसरी पाली में भी सुचिता पूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा रही है। जनपद की एक परीक्षा केंद्र पर पकड़े गए फर्जी परीक्षार्थी के अलावा अन्य कहीं भी जगह से कोई अप्रिय सूचना नहीं प्राप्त है। तो वही नगर के सबसे पुराने महाविद्यालय राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भी परीक्षा पूरी सुचिता पूर्ण ढंग से केंद्र व्यवस्थापक प्राचार्य व स्टैटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में संपन्न कराई जा रही है। छात्र–छात्राओं की विधिवत चेकिंग मास्क और सेनीटाइजर के बाद ही महाविद्यालय के कक्षा में प्रवेश दिया गया। तो वही प्रवेश द्वार पर ही खड़े होकर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शंभू राम व पूर्व प्राचार्य डॉ अखिलेश्वर शुक्ल सहित अन्य कर्मचारी भी खड़े होकर परीक्षार्थियों पर निगरानी रखे हुए हैं। परीक्षा को शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार कराया जा रहा है वही इस संबंध में जानकारी देते हुए प्राचार्य प्रोफेसर शंभू राम ने बताया कि शासन द्वारा केंद्र पर 480 बच्चों का एलाटमेंट है दोनों पारियों में जिसमे प्रथम पाली में 361 बच्चे उपस्थित रहे जबकि 119 अनुपस्थिति रहे तो वही दूसरी पारी में 340 बच्चे प्रजेंट और इस 40 बच्चे अब्सेंट है ।सारी व्यवस्थाएं ठीक से चल रही हैं। शासन द्वारा जो व्यवस्थाएं निर्धारित की गई हैं उसका पालन कराया जा रहा है कॉलेज में आंतरिक और बाह्य सचल दस्ते सक्रिय हैं स्टैटिक मजिस्ट्रेट का विशेष सहयोग परीक्षा के दौरान मिला है कहीं किसी प्रकार की कॉलेज में अव्यवस्था नहीं है।

## पुरानी पेंशन बहाली एवं 18 माह के बकाया महंगाई राहत की मांग को लेकर पेंशनर्स करेंगे प्रदर्शन

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जनपद अध्यक्ष सी बी सिंह एवं मंत्री राजबली यादव ने संयुक्त रूप से अवगत कराया है कि सोमवार दिनांक 17 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित धरना स्थल पर पेंशनर्स अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करेंगे। सरकार पेंशनर्स का18 महीने का महंगाई राहत जो रोका है उसके तत्काल भुगतान किया जाय, पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने, कैशलेश चिकित्सा की कमी को शीघ्र पूरा करके सी ०जी ० एस० एच०स्तर के स्पताल को जोड़ने के साथ आयुष्मान भारत योजना से अलग करने,रेल यात्रा में पूर्व की भांति किराया में पच्चास प्रतिशत की छूट दिए जाने, पेंशन को आयकर से मुक्त करने , पेंशनर्स के पेंशन मे65बर्ष पर 5, व70 बर्ष पर 10 एवं 75वर्ष पर 15प्रतिशत की बृद्धि किए जाने, पेंशन की राशि करण की



वापसी 15वर्ष के स्थान पर 10वर्ष किए जाने आदि मांगो को लेकर वृहद प्रर्दशन कर मा0मुख्यमन्त्री जी को जिला धिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा जाएगा। सभी पेंशनर्स साथियों से अपेक्षा है कि बड़ी संख्या में भाग लेकर प्रदर्शन को सफल बनाएं।

## नौकरी दिलाने के लिए मोटी रकम लेकर दलाल ने धोखे से रियाद की बजाय अन्य को भेज दिया दुबई

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : कैम्पियरगंज इलाके के एक युवक को रियाद में नौकरी दिलाने के लिए 1.20 लाख लेकर दलाल ने धोखे से रियाद की जगह दुबई भेज दिया। दलाल ने रियाद में वाहन चालक की नौकरी का बीजा देने की बात कहकर दुबई का बीजा देकर दिल्ली से उड़ान करा दिया। रियाद न जाकर दुबई में फंसा पीड़ित युवक 13 दिन से मुश्किल हालत में है। पीड़ित युवक के चचेरे भाई ने दलाल के विरुद्ध निचलौल जनपद महाराजगंज थाने में लिखित तहरीर देकर कार्यवाई की मांग किया है। कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के मोहनाग गांव निवासी सत्येंद्र यादव पुत्र राम भेजू यादव ने निचलौल थाने में दिए गए लिखित तहरीर में कहा है कि मेरे चचेरे भाई इन्द्रकेश यादव पुत्र हरीराम ग्राम शिवपुर थाना कैम्पियरगंज जिला गोरखपुर को विदेश भेजने के लिए निजामुद्दीन पुत्र ताहिर अंसारी ग्राम– बोदना, थाना– ठूठीबारी,जनपद महराजगंज जो निचलौल तहसील के गेट के तरफ जोया इनफार्मेशन के नाम से आफिस खोल रखा है। विदेश भेजने के लिए उसने कहा था 1लाख 20 हजार हमको देंगे तो हम आपको विदेश का बीजा देंगे तथा विदेश भेजवा देगे। मेरा भाई निजामुद्दीन को 67000 रूपये नगद एवं 53000 रुपये अपने खाते से ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद निजामुद्दीन ने इंद्रकेश यादव को 22 सितंबर 2022 को रियाद भेजने के लिए दिल्ली भेजा। दिल्ली से उड़ान करते समय रियाद का बीजा न देकर दुबई का बीजा देकर दुबई भेज दिया और कहा कि वहां ड्राइवर का काम करना है लेकिन जब इंद्रकेश दुबई पहुंचा है। तब से आज तक उसको कोई काम नहीं मिला। सत्येंद्र यादव ने कहा है कि निजामुद्दीन से बार–बार कहा जा रहा है कि मेरा भाई विदेश जाकर बैठा है और कोई काम नहीं कर रहा है। ऐसा कहने पर निजामुद्दीन मुझसे आमदा फौजदारी हो रहा है। सत्येंद्र यादव ने निजामुद्दीन के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए इंद्रकेश यादव को वापस बुलाने की व्यवस्था किये जाने की मांग किया है।

## बाढ़ का विकराल रूप जारी : कई जगह बंधन टूटे : सैकड़ों गांव जलमग्न

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बस्ती तथाभवस्ती मंडल में आयी बाढ का विकराल रूप जारी है। क्षेत्र के सिध्दार्थनगर जिले में बूढी राप्ती नदी में आयी बाढ से तीन बांध टूट गये जिसकी वजह से 200 गांव बाढ की चपेट में आ गये हैं। इसी तरह गोरखपुर जिले के बडहलगंज क्षेत्र में राप्ती नदी पर बना रिंग बांध टटने से भारी तबाही हो गयी है। सरकारी सत्रों के अनुसार गोरखपुर जिले में 200 गांव बाढ से बुरी तरह से प्रभावित है जिसमें 80 गांव पूरी तरह से जलमग्न हो गये हैं। क्षेत्र में स्थित बूढी राप्ती, सरयू, कुवानों और राप्ती नकदयों में जल स्तर बढने का क्रम जारी है मगर एक तरफ खतरा और दूसरी तरफ प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। इसी बीच आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाढ प्रभावित क्षेत्रों के दौडे के दूसरे दिन क्षेत्र के महराजगंज जिले और गोरखपुर जिले के बडहलगंज, सहजनवा और कैम्पियरगंज में बाढ़ प्रभावित गांवों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात किया और बाढ़ पीड़ितों से बातचीत कर राहत सामग्री का वितरण किया। उन्होंने पीड़ितों को भरोसा दिया कि संकट के हर समय में सरकार उनके साथ है। उन्होंने कहा है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों की मदद के लिए केंद्र व राज्य सरकार पूरी तत्परता से जुटी हुई है। बाढ़ पीड़ितो की तक भरपूर मदद सुनिश्चित करने के लिए तीन दिनों से वह स्वंय प्रभावित जनपदों का दौरा कर रहे हैं। इसके साथ ही मंत्री समूह भी दौरा कर राहत कार्यों की निगरानी में जुटा हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों तक राहत व हर प्रकार का सहयोग उपलब्ध ा हो, इसकी समीक्षा के लिए वह तीन दिन से दौरे पर हैं। बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, गोंडा, अयोध्या, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर के दक्षिणांचल, महराजगंज, कैम्पियरगंज और सहजनवा आए हैं। उन्होंने कहा कि यह बाढ़ असमय है। अक्सर अगस्त. सितंबर माह में ही बाढ़ की समस्या आती थी। पहली बार अक्टूबर में बाढ़ की त्रासदी झेलनी पड़ रही है। इससे जनजीवन तो प्रभावित हुआ ही है और बाढ़ और अतिवृष्टि से फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि आपदा की इस घड़ी में केंद्र व राज्य की सरकारें उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन को निर्देशित किया गया है कि जिन लोगों के मकानों में पानी घुस चुका है उन्हें कम से कम दो बार भोजन उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही जो लोग भोजन बना सकते हैं उन्हें पर्याप्त मात्रा में राशन सामग्री उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों को दो तरह की किट में दी जा रही राहत सामग्री किट में 10 किलो चावल 10 किलो आटा, दो किलो अरहर दाल, आधा किलो नमक 250 ग्राम हल्दी, 250 ग्राम मिर्च 250 ग्राम सब्जी मसाला, एक लीटर रिफाइंड तेल, पांच किलो लाई, दो किलो भूना चना, एक किलो गुड़, 10 पैकेट बिस्कुट, एक पैकेट माचिस एक पैकेट मोमबत्ती, दो नहाने का साबुन शामिल है। इसके अलावा 10 किलो आलू, पांच लीटर केरोसिन, पांच लीटर क्षमता के दो जरीकेन, 15 गुणे 10 फीट की एक तारपोलीन शीट भी दी जा रही है। इसके साथ ही पशुओं के चारे की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए प्रति पशु प्रतिदिन पांच किलो चारा उपलब्ध कराने का निर्देश भी प्रशासन को दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांप, बिच्छू या जंगली जानवरों के काटने पर इंजेक्शन की उपलब्धता भी हर जगह सुनिश्चित करा दी गई है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बाढ़ के चलते जनहानि होने पर पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये का मुआवजा तत्काल उपलब्ध कराने तथा अंग भंग होने पर 2.5 लाख रुपये तक की सहायता राशि उपलब्ध कराने की व्यवस्था बनाई गई है। बाढ़ से जिनके मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास देने या मकान बनवाने के लिए 1.20 लाख रुपये देने का निर्देश दिया गया है। आंशिक क्षतिग्रस्त मकानों के लिए भी आपदा राहत कोष से मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण फसलों को जो नुकसान हुआ है उसके लिए प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि हर ग्राम पंचायत में सर्वे कराकर जल्द से जल्द फसलों की क्षतिपूर्ति की धनराशि किसानों के खातों में भेजी जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाढ़ के चलते पशुओं की हानि पर भी मुआवजा दिया जाएगा। दुधारू पशु गाय, भैंस आदि के मरने पर 37500, बकरी, भेड़, सूअर के मरने पर 4000 गैर दुधारू पशु ऊंट, घोड़ा आदि के मरने पर 32000, बछड़ा, गधा, टट्टू आदि के मरने पर 20000 रुपये की दर से पशुपालकों को सहायता राशि दी जाएगी। योगी ने प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश देते हुए आशा व्यक्त किा कि अगले दो.तीन दिन में बाढ़ का पानी कम होने लगेगा। लोगों को संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए स्वच्छता, सैनेटाइजेशन और छिड़काव का अभियान युद्ध स्तर पर शुरू किया जाए। यह कार्य तब तक जारी रहे जब तक जमीन पूरी तरह सूख न जाए। गांव में किसी तरह की गंदगी न रहे, इसके लिए ग्राम पंचायत अभी से तैयारी करें और प्रशासन इस में सहयोग प्रदान करे। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही दीवाली से पूर्व अविलंब क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत व बिजली आपूर्ति बहाली की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। दिवाली आने तक हर गांव में बेहतर आवागमन की सुविधा हो तथा सभी गांव जगमग हों।

## नगर निगम का मनमाना रवैया : रास्ता अवरूद्ध करने वाले चार गेटों को छोड़कर केवल एक ही खोला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। नगर निगम की मनमानी उस समय उजागर हो गई जब उसके अधिकारियों ने विवेक खण्ड 3, गोमतीनगर में केवल एक ही गेट को खोला तथा बाकी अन्य चार गेटों के सम्बन्ध में कोई कार्रवाई नहीं की। विवेक खण्ड 3 गोमतीनगर में रास्तों को अवरुद्ध कर पांच गेट लगा दिए गए हैं जिससे आसपास के वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों, महिलाओं को बहुत लम्बा चक्कर लगा कर बाजार जाना पड़ता है तथा विशेषकर रात में बहुत ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। सार्वजनिक सड़क को अवरुद्ध कर गेट लगाना पूर्णतया गैरकानूनी है तथा नागरिकों के मूल अधिकारों का हनन भी है। माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार सड़क को गेट लगाकर अवरुद्ध नहीं किया जा सकता है। इसके पूर्व 2018 में माननीय उच्च न्यायालय के सर्वे के दौरान इन गेटों को खोल दिया गया था और फिर पुनः बन्द कर दिया गया। यह गेट कुछ लोगों की मर्जी के अनुसार ही खुलते और बन्द होते हैं। रास्ते को अवरुद्ध करने वाले इन अवैध गेटों को गिरवाने हेतु 12 अक्टूबर 2021 को तत्कालीन नगर विकास मंत्री श्री आशुतोष टण्डन, जिलाधिकारी तथा चीफ जस्टिस, माननीय उच्च न्यायालय को पत्र लिखे गए थे परन्तु नगर निगम के द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। आज नगर निगम के अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों के विरोध के पश्चात भी एक गेट का ताला खोल दिया। स्थानीय नागरिकों की मांग थी कि सभी अवैध गेटों को गिरा कर मार्गों को खोला जाए परन्तु अधिकारियों ने अपना रुआब दिखा कर बाकी गेटों के सम्बन्ध में कोई भी कार्यवाही नहीं की है। अधिकारियों के साथ आये गार्डों ने नागरिकों को धमकाया भी तथा वरिष्ठ नागरिकों से बदतमीजी भी की। स्थानीय नागरिकों ने इस सम्बन्ध में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, नगर विकास मंत्री श्री अरविन्द कुमार शर्मा, मण्डलायुक्त, लखनऊ मण्डल तथा नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ से नगर निगम के मनमाने रवैए की शिकायत की जा रही है तथा यह भी मांग की है कि विवेक खण्ड 3, गोमतीनगर में सभी गेटों को गिरा कर अवरुद्ध मार्गों को खोला जाए।

# भाजपा युवा मोर्चा जौनपुर का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग भाजपा के जिला कार्यालय पर हुआ सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन आज जौनपुर के भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भाजयुमो दिव्यांशु सिंह के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का सुभारम्भ प्रदेश महामंत्री भाजयुमों वरुण गोयल ने पार्टी के पुरोधा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एव पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिलाध्यक्ष भाजयुमो दिव्यांशु सिंह ने स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षण वर्ग के माध्यम से भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को वैचारिक शिक्षा दीक्षा तथा कार्यपद्धति में दक्ष बनाने की प्रशिक्षण दी गई, कार्यक्रम चार सत्रों में आयोजित किया गया जिसमें हर सत्र में अलग अलग विषयों पर वक्ताओं द्वारा उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का सुभारम्भ करते हुये प्रदेश महामंत्री वरुण गोयल ने सरकार की योजनाओं के बारे में कार्यकर्ताओं को बताया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार में युवाओं के जीवन को आसान बनाने वाली तमाम योजनाएं है। जिनका लाभ युवाओं को उठानी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें बूथ स्तर का कार्यकर्ता भी अपने मेहनत और हुनर के दम पर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बन सकता हैं। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह रहे। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा का कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होती है। भाजपा एक परिवार है जिसके सारे कार्यकर्ता एक विचार से बंधे हैं और अब ये विचार परिवार विशाल वटवृक्ष



का रूप धारण कर चुका है। भाजपा की स्वीकार्यता आम जनमानस में दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और ये सब पार्टी के कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के बदौलत ही संभव हो पाया है। तीसरे सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने भाजयुमो कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास के विषय में विस्तार से बताया। बताया की जनसंघ के समय से ही संघर्ष करते करते कभी पूरे देश में मात्र 2 सीटें जीतने वाली भाजपा आज देश सहित अधिकतर प्रदेशों में भी अपनी सरकार सकुशल संचालित कर रही और ये सब लाखों–करोड़ों कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से ही संभव हो पाया है। समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्य ने पदाधिकारियों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए कार्यकर्ताओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। बताया की कार्यकर्ताओं के अनुशासन और समर्पण ने ही पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाया है। कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरते हुए उन्होंने भाजपा के राष्ट्रवादी विचारों से परिचित कराया। समापन सत्र में भाजयुमो के जिलाध्यक्ष दिव्यांशु सिंह ने उपस्थित सभी अतिथियों, पदाधिकारियों तथा व्यवस्था में लगे कार्यकर्ताओं का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री भाजयुमो विकास ओझा ने की। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री ऋषिकेश श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष अजय यादव, सचिन तिवारी, शशांक सानू,हरिओम गुप्ता, सिद्धार्थ सिंह, जिला मंत्री रुपेंद्र सोनकर, अभिषेक सिंह मोनू, नीरज मौर्य, विजय कश्यप, अशोक निगम, जिला कोषाध्यक्ष श्रवण सिंह, जिला कार्यालय प्रभारी सुलभ श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी कपिल सिंह, जिला सोशल मीडिया संयोजक अंबुज तिवारी, शोध प्रमुख आशुतोष सिंह, प्रशांत सिंह मोहित, रणवीर सिंह शिवम, विकास सिंह, अभिषेक सिंह परमार, अजय मिश्रा एवं समस्त मंडल अध्यक्ष गण उपस्थित रहे।

# थाना लाइन बाजार पुलिस एक शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार : कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल व चाकू बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना लाइन बाजार पुलिस टीम गांधी तिराहा पर मौजूद थी कि मुखबिर ने आकर बताया कि एक व्यक्ति चोरी की मोटर साइकिल के साथ हरईपुर की तरफ से आ रहा है जल्दी किया जाए तो पकड़ा जा सकता है, मुखबिर की सूचना पर विश्वास करके हमराहीगण को अवगत कराते हुए हरईपुर चौराहे पर पहुँचे कि एक व्यक्ति मोटर साइकिल से आता दिखाई दिया जिसके तरफ इशारा करके मुखबिर खास हट बढ़ गया जैसे ही मोटर साइकिल सवार पास आया हम पुलिस वालों को सामने देखकर घबरा कर एकाएक गाड़ी पीछे मुड़ कर भागना चाहा परंतु लड़खड़ा कर गिर पड़ा कि हम पुलिस वालों द्वारा पकड़कर नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम अरुण यादव पुत्र विजय बहादुर उर्फ जंगबहादुर निवासी शेखपुर थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर बताया, जिसके पास से थाना सिकरारा क्षेत्र से चोरी की एक मो0सा0 नं0 UP62AK5336 बरामद हुआ तथा जामा तलाशी से कमर के पीछे पैण्ट



की फेट मे खुसा हुआ एक चाकू बरामद हुआ । जिसे कारण गिरफ्तारी बताते हुए हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त– 1.अरुण यादव पुत्र विजय बहादुर उर्फ जंगबहादुर निवासी शेखपुर थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर। बरामदगी– 1.चोरी की 01 मोटरसाइकिल नं0 UP62AK5336 व एक चाकू। आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0–424/22 धारा–411 भा0द0वि0 थाना लाइनबाजार जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0सं0–425/2022 धारा– 4/25 आर्म्स एक्ट थाना लाइनबाजार जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी टीम– 1. उ0नि0 गिरीश मिश्रा थाना चौकी प्रभारी सिविल लाइन, थाना लाइनबाजार जौनपुर। 2. उ0नि0 सुधीर कुमार थाना लाइनबाजार जौनपुर। 3. का0 सुधीर कुमार थाना लाइनबाजार जौनपुर। 4. का0 कमलेश कुमार पाण्डेय थाना लाइनबाजार जौनपुर। 5. का0 नितेश कुमार थाना लाइनबाजार जौनपुर। 6.का0 आनन्द कुमार थाना लाइनबाजार जौनपुर।

# देश को मजबूत बनाने मे मिसाइल मैन का अहम योगदान – जफर सरेशवाला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सौदागर हाल में मिसाइलमैन पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के जयंती के अवसर पर सैन्य विज्ञान विभाग के द्वारा "डा एपीजे अब्दुल कलाम के सपनों के भारत में रंग भरती मोदी सरकारयनामक शीर्षक पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के प्रथम दिन शनिवार को कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने किया एवं मुख्य अतिथि पूर्व चांसलर, मौलाना आजाद नेशनल उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद जफर सरेशवाला जी रहे। विशिष्ट अतिथि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय प्रोफेसर डॉ रेहान अख्तर एवं डॉ शहजाद अली एवं अतिथि समाजसेवी जितेंद्र यादव रहे। मंचासीन अतिथियों का स्वागत बुक एवं पुष्प देकर प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने स्वागत किया। स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर ने कहा मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ऐसी छवि जफर सरेशवाला जी में नजर आती है क्योंकि समाज एवं देश को आगे ले जाने की सोच के साथ व पूरे देश में कार्य कर रहे है।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के आदर्शों एवं कार्यों को हमेशा याद रखना चाहिए और उन्होंने समाज को किस तरह से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी हैं उस पर भी रौशनी डालनी चाहिए एपीजे अब्दुल कलाम ने मिसाइल बना कर देश को सशक्त एवं मजबूत बनाया एवं विश्व स्तर में देश की पहचान बनाई। विशिष्ट अतिथि रेहान अख्तर ने अपने संबोधन में कहा



कि शिक्षा ही हम सब को शिखर तक पहुंचने में मददगार होती है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी जी ने कहा कि गरीब परिवार से निकलकर देश के सबसे सर्वश्रेष्ठ पद पर विराजमान हुए उन्होंने अनेकों मिसाइलें बनाई एवंम देश को देश को मजबूत एवं सशक्त बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। कॉलेजे के छात्र–छात्राओं के द्वारा विज्ञान एवं अन्य विषयों पर प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी भी लगाई जिसको देखकर मुख्य अतिथि ने बच्चों द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा किया। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से समन्वयक डॉ शहनवाज खान,प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर,समाजसेवी शाकिर रजा,डॉ कमरूद्दीन शेख, डॉ जीवन यादव,डॉ के के सिंह,डॉ नीलेश सिंह,डॉ राकेश कुमार बिंद,डॉ ममता सिंह,डॉ अमजद सिद्दीकी,डॉ ममता सिंह,डॉ ज्योत्सना सिंह,डॉ विवेक विक्रम,डॉ सिकन्दर,डॉ नवाल अहमद,डॉ शाहिद अलीम, सलमान शेख, प्रवीण यादव एवंम मोहम्मद हसन ग्रुप आफ कॉलेजे परिवार के सभी प्रवक्तागण एवं छात्र–छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से शिल्पी सेठ एवंम अजय सिंह ने किया।

# अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट ने ब्यूटी फिटनेस और चित्रकला प्रशिक्षण का किया शुभारंभ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट ने मिशन शक्ति के अंतर्गत युवतियों और महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निःशुल्क 10 दिवसीय ब्यूटी, फिटनेस और चित्रकला का शुभारंभ नगर के



प्रतिष्ठित ब्यूटी पार्लर मोनार्च पुलिस लाइंस के सामने किया! कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती माया टंडन जी ने कहा कि अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा नारी उत्थान एवम उनकी आत्मनिर्भरता के लिए इस तरह के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन निश्चित रूप से प्रशिक्षणार्थियों के लिए कारगर साबित होगा, संस्थाध्यक्ष उर्वशी सिँह ने प्रशिक्षिका ज्योति सिंह शालिनी सिंह, गुलशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओ को स्वावलंबी बनाने की इस मुहिम से युवतियां अपने पैरों पर खड़ी हो सकेंगी तथा उनके आत्मविश्वास मे वृद्धि होगी! इस अवसर पर ट्रस्ट की राधिका सिंह, कंचन सिंह, नागेंद्र नाथ सिंह, संगीता अग्रवाल,शिवांगी खरे, पिंकी राय,प्रियंका श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, मीरा अग्रहरी, राजकुमारी सिंह, विद्याधर राय, ज्ञान गुप्ता, रश्मि उपाध्याय, बीना, शिवानी।

# थाना मछलीशहर पुलिस ने अपहरण के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर, महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये सघन अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी महोदय मछलीशहर के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर श्री देवानन्द रजक के मार्गदर्शन में थाना मछलीशहर जौनपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 206/2022 धारा 363, 366 IPC सें सम्बन्धित अभियुक्त शैलेश गौतम पुत्र राममूर्ति गौतम निवासी ग्राम पराहित थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर को रोडवेज बस स्टैण्ड कस्बा म0शहर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को बाद आवश्यक कार्यवाही मा0 न्याया0 के समक्ष पेश किया गया। नाम पता अभियुक्त– शैलेश गौतम पुत्र राममूर्ति गौतम निवासी ग्राम पराहित थाना मछलीशहर जिला जौनपुर। सम्बन्धित अपराध– मु0अ0सं0–206/2022 धारा–363, 366 IPC थाना म0शहर जौनपुर। गिरफ्तारी टीम– 1.उ0नि0 श्री सैय्यद हसन जाफर रिजवी, थाना मछलीशहर जौनपुर। 2.हे0का0 वेदप्रकाश यादव, थाना मछलीशहर जौनपुर। 3.का0 नीतिश यादव, थाना मछलीशहर जौनपुर।

# ग्रामोदय इंटर कालेज में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते युवक गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 15 अक्टूबर को होने वाली प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा पेट परीक्षा के लिए जिला प्रशासन द्वारा पूरी तरह से व्यवस्थाएं दुरुस्त प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान ग्रामोदय इंटर कालेज में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते युवक गिरफ्तार। पकड़ा गया युवक सिद्धार्थ दुबे पुत्र लालमणि दुबे निवासी भोजपुर गया बिहार को दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते हुए कक्ष निरीक्षक ने पकड़ा मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्यवाही में जुटी हुई है।

# सभी जरुरतमंदों तक राहत सामग्री पहुंचाने की होगी पूरी कोशिश –मुर्तुजा अली

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ ।टीम लखनऊ की एक आपातकालीन बैठक सीरोज रेस्टोरेंट्स गोमती नगर मैं संपन्न हुई। टीम लखनऊ की अध्यक्ष निगहत खान ने इस मीटिंग की अध्यक्षता की ।वर्तमान समय पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलरामपुर ,श्रावस्ती, गोंडा, अयोध्या बहराइच ,गोरखपुर के निचले इलाकों में आई बाढ़ को को देखते हुए टीम लखनऊ लगातार उन इलाकों में अपने सहयोगी संगठन केएसबी के साथ लोगो की मदद करने का काम




कर रही है ।लेकिन बाढ़ के बढ़ने से वहां की स्थिति और भी गंभीर हो गई है। जिसको देखते हुए आज टीम लखनऊ की एक आपात बैठक की गई ।जिसमें टीम लखनऊ के जनरल सेक्रेटरी मुर्तुजा अली ने लखनऊ के सभी लोगों से राहत सामग्री देने की अपील की ।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश जिला मान्यताप्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री अब्दुल वहीद और सचिव जुबेर अहमद ने टीम लखनऊ के बारे में बताते हुए कहा कि टीम लखनऊ हमेशा लखनऊ के लोगों की तरफ से देश में कहीं पर भी बाढ़ और भूकंप आने पर लोगों की मदद के लिए खड़ी रहती है ।इस मीटिंग में मौजूद फ्रेंड समय के संस्थापक उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष वामिक खान,टीम केयर इंडिया के अध्यक्ष शहजादे कलीम, वरिष्ठ समाजसेवी रजिया नवाज, समाजसेवी भानु प्रताप सिंह,वरिष्ठ समाजवादी नेता प्रदीप सिंह बब्बू, वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी शाहिद सिद्दीकी ,फोटोग्राफर और समाजसेवी आरिफ मुकीम, समाजसेवी जुनेद बिजनेसमैन और समाजसेवी मोहम्मद इमरान खान टीम लखनऊ के वरिष्ठ सहयोगी अम्मार नगरामी,फूड मैन के नाम से जानने जाने वाले विशाल सिंह, मोहम्मद अली अल्वी आदि लोगों ने बाढ़ आपदा से पीड़ितो की मदद के लिए बड़ी मात्रा में राहत सामग्री पानी की बोतलें,बिस्कुट,नमकीन, रस के पैकेट,कपड़े,चीनी,चाय पत्ती,दूध आदि सहित कई जरूरत का सामान देने के लिए आज घोषणा की ।इस अवसर पर डॉक्टर उमंग खन्ना ने सेनेटरी पैड देने के लिए कहा ।सदर गुरुद्वारा के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने चावल और दाल देने के लिए कहा ।टीम लखनऊ के कोषाध्यक्ष कुदरत उल्ला खान ने भी लोगो की बड़ी मदद की घोषणा की ।इस मौके पर टीम लखनऊ के संरक्षक हजरत मौलाना खालिद रशीद और रॉयल ग्रुप के चेयरमैन मुरलीधर आहूजा ने भी बाढ़ पीड़ितो की हर संभव मदद और राहत सामग्री देने के लिए घोषणा की।

# थाना मड़ियाहूं पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम ने 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अवैध मादक पदार्थों के रोकथाम व संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं के कुशल पर्वेक्षण में प्र0नि0 मडियाहूं के नेतृत्व में मड़ियाहूं पुलिस व आबकारी पुलिस टीम द्वारा चोरारी के पास संदिग्ध चेकिंग की जा रही थी, मुखबिर खास की सूचना पर चोरारी के पास एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया । जिसकी जामा तलासी ली गयी तो उसके पास से 01 जरिकेन में 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1.अशोक कुमार गौतम पुत्र स्व. अमरधारी गौतम निवासी जियरामऊ थाना मडियाहूँ, जौनपुर। बरामदगी– 20 लीटर अवैध कच्ची शराब। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0–337/2022 धारा–60 आबकारी एक्ट थाना मड़ियाहूँ जौनपुर।



गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः– 1.प्र0नि0 ओम नारायण सिंह थाना मडियाहूँ, जौनपुर। 2.उ0नि0 शिवभंजन प्रसाद थाना मडियाहूँ, जौनपुर। 3.हे0का0 दिलीप पाण्डेय, का0 भानुप्रताप यादव, हे0का0 रामायण निषाद, हे0का0 अवधेश सिंह, थाना मडियाहूँ, जौनपुर। 4. श्री बसन्त प्रसाद, आबकारी निरीक्षक आबकारी क्षेत्र 2 मडियाहूँ, जौनपुर। 5.हे0का0आबकारी रामअभिलाष, का0 आबकारी मनोज कुमार आबकारी क्षेत्र 2 मडियाहूँ, जौनपुर।

# धनीराम का पुरवा निवासी निकेश कुमार यादव ने प्राप्त किया मिस्टर इंडिया ओपेन बाडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में प्रथम स्थान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)कोतवाली नगर क्षेत्र के देवकाली क्षेत्र में धनीराम का पुरवा निवासी निकेश यादव पुत्र राजेश कुमार यादव ने राजस्थान प्रदेश के जयपुर, प्रताप नगर में बाडीटेक क्लासिक फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में मिस्टर इंडिया ओपेन बाडी बिल्डिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अयोध्या जिले का नाम रोशन करने का काम किया। मालूम हो कि इस प्रतियोगिता में देश के कई प्रदेशों के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें अयोध्या जिले से निकेश कुमार यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव प्राप्त किया ।उनके द्वारा हासिल किये गये इस सफलता पर अयोध्या नगर निगम में श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड पार्षद जगत नारायण यादव व निर्वतमान राष्ट्रीय सचिव यूथ विग्रेड समाजवादी पार्टी विजय नारायण यादव ने ने उनके घर पाकर जाकर संयुक्त रूप से बधाई दिया। मालूम हो कि इसके पहले निकेश यादव वर्ष 2021 में उत्तर प्रदेश की राजधानी




लखनऊ में मिस्टर रीजनल प्रतियोगिता में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया ।वही इसी कड़ी में वर्ष उन्होंने 2022 मिस्टर अयोध्या व इसी वर्ष मिस्टर रा क्लासिक बाराबंकी जनपद से विजई होकर अपने माता पिता व अयोध्या जनपद का नाम रोशन करने का काम किया।

# अयोध्या राम नगरी में 41वे रामायण मेलें के प्रथम दिवस पर पोस्टर का हुआ लोकार्पण

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या में परंपरागत तरीके से होने वाले रामायण मेले के प्रथम दिवस के कार्यक्रम का पोस्टर (आवरण छवि)का आज लोकार्पण किया गया, 41 वें रामायण मेले के प्रथम दिवस के कार्यक्रम की आवरण छवि का लोकार्पण श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री ने श्री राम जन्म भूमि परिसर में विराजमान रामलला के समक्ष किया,पोस्टर में रामायण मेला में होने वाले प्रथम दिवस के कार्यक्रम के क्रम में फुलवारी के बीच राम और सीता जी का प्रथम मिलन,सीता जी का माता गौरी से आशीर्वाद ,सीता स्वयंवर के दौरान धनुष भंजन और फिर जयमाल की लीला को दर्शाया गया है, आवरण छवि को भित्ति फलक पर उकेरने का कार्य प्रीति मौर्या एवं वैष्णवी गुप्ता ने किया । आवरण छवि में भारतीय लोक कला पर आधारित अवध की लोककला को प्रदर्शित किया गया है जिसमें अवधी लोक कला और परंपरा की झलक स्पष्ट दिख रही है,आवरण छवि लोकार्पण के माध्यम से रामायण मेला में भारतीय लोक कला एवम संस्कृति को दर्शाना है ऐसा सुखद संयोग 40 वर्षों में प्रथम बार हुआ है की रामायण मेला का शुभारंभ रामलला के दरबार से हो रहा है जो की राम मंदिर निर्माण के साथ ही राम के आदर्शों को वैश्विक फलक



पर दर्शाने हेतु संकल्पबद्ध होगा । कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्य सदस्य अनिल मिश्र एवं रामायण मेला समिति के संयोजक आशीष मिश्रा कमलेश सिंह ,एस एन सिंह,जनार्दन उपाध्याय,श्री निवास शास्त्री, शरद चंद्र कपूर आदि के साथ अयोध्या मंडलायुक्त नवदीप रिणवा विधायक वेद गुप्ता महंत राम शरण दास जी ,महंत दिनेंद्र दास जी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा संस्थान की स्थापना बड़ा कार्य : डॉ राकेश कुमार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सदर लोकसभा के पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय अर्जुन सिंह यादव की 24 मी पूर्णतिथि अर्जुन भवन परिसर में मनाई गई ।जिसमें आए हुए लोगों ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके किए गए कार्यों की सराहना की । पूर्व सांसद व रारी और सदर के विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय अर्जुन सिंह यादव की 24 वी पूर्णतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि देते हुए एनएसएस के समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव ने कहा कि वह ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाने का सराहनीय कार्य किए ।उन्होंने उच्च शिक्षा में विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए जो संघर्ष करते हुए अपनी जमीन देने पर विश्वविद्यालय के स्थापना हुई। जिससे उच्च शिक्षा में लोगों को दूरदराज प्रदेशों में भटकने से राहत मिल गई। एडवोकेट डीआर यादव ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके द्बारा कराये गये कार्यो की सराहना की । रमेश चंद्र शुक्ला ने कहां वह छोटे बड़ो का समान भाव से देखते थे। उदल यादव ने कहा कि वह बेहद मिलनसार मृदुभाषी थे। अजय कृष्णा सारंग ने कहा कि जनपद की गंगा जमुनी तहजीब को बनाए रखने के लिए आजीवन प्रयासरत रहे। लक्ष्मीनारायण ने कहा कि उन्होंने किसी धर्म जात समाज का कोई भेदभाव नहीं रखते थे, सबको साथ लेकर



चलते थे। इस अवसर पर सभी आगंतुकों का समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित यादव ने धन्यवाद जताया, उन्होंने कहा कि पिता जी सदैव अन्याय के खिलाफ लड़ते रहें। इस अवसर पर चंद्रभूषण यादव, अशोक यादव ,अरविंद यादव, इंदु प्रकाश, सुनील कुमार, डीपी प्रजापति शशिधर यादव,सुदर्शन, सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# सरयू के उफान से दिखा तबाही का मंजर : अयोध्या – गोंडा सम्पर्क मार्ग हुआ जल विलीन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मूसलाधार बारिश से अयोध्या जिले के निचले इलाकों में स्थित मांझा तराई क्षेत्र में सरयू की तबाही का मंजर साफ दिखाई पड़ रहा है।निचले इलाकों में पानी भर जाने से पीड़ित लोगों को ऊंचे स्थानों पर लाकर प्रशासन उनके खाने पीने की व्यवस्था करवा रहा है। सोहावल तहसील क्षेत्र के मांझा कला क्षेत्र में बाढ़ प्रभावितों को एसडीएम सोहावल मनोज श्रीवास्तव व तहसीलदार पवन गुप्ता सहित दोनों अधिकारियों की निगरानी निरंतर बनी हुई है। माझा कला के बाढ़ प्रभावितों को प्राथमिक विद्यालय कोट सराय में ठहराया गया है। यहां बाढ़ पीड़ितों को अधिकारियों ने दो सौ लंच पैकेट दिलवाकर सुबह की भूख मिटाई। तो उधर ढेमवा पुल के पास गोंडा जिले के बेउंदा मांझा क्षेत्र में बाढ़ की भीषण त्रादसी देखने को मिल रही है। बुधवार को सुबह जब ढेमवा पुल के आस पास बसे ग्रामीणों की आंख खुली। तो देखा पुल के उत्तर तरफ चारो तरफ पानी ही पानी नजर आया और पुल पर महिलाओं और बच्चों की चीख पुकार सुनकर लोग सहम उठे। बेऊंदा मांझा क्षेत्र से किसी तरह जान बचाकर लोग सुरक्षित जब सोहावल क्षेत्र में पहुंचे। तो अपने परिजनों को बचाने के लिए चीख मचा दिया। पता चला कि गोंडा क्षेत्र के बेउदा माझा के कुछ लोग सरयू नदी में फंसे दिखाई पड़े। किसी तरह नाव से आधा दर्जन से अधिक लोग जब नाव से अपने को सुरक्षित करने के लिए ढेमवा पुल की तरफ रुख किया। तो नदी के तेज बहाव में नाव फंस गई। बबूल के पेड़ का सहारा लेकर लोग बचाव की गुहार करते रहे। इसके बाद सोहावल तहसील प्रशासन हरकत में आ गया। रौनाही पुलिस व जल पुलिस ने रेस्क्यू कर नाव में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला। जबकि ढेमवापुल से सटी उत्तरी छोर की सड़क कटकर पानी में विलीन हो गई। सड़क के ऊपर से तेज वेग से पानी बहने की वजह से तरबगंज नबाबगंज संपर्क मार्ग पर आवागमन बंद हो गया। यहां तक की ढेमवा पुलिस चौकी बाढ़ की चपेट में आ गई और चौकी का हिस्सा भी कटकर पानी में समा गया। इसके बाद पुलिस कर्मी सुरक्षित स्थान पर चले गए। इस दौरान बेउंदा मांझा क्षेत्र के दत्त नगर,साखीपुर, पराश, बहादूरपुर, चकौठा,बेऊंगा उपहार सहित दर्जन भर से अधिक गांव बचाव और राहत की मांग करने लगे। सुबह किसी तरह जान बचाकर ढेमवा पहुंचे लोग रो–रोकर अपने परिजनों और मवेशियों के बचाव की मांग करने लगे। इसके बाद एसडीएम मनोज श्रीवास्तव व नायब तहसीलदार शेखर शुक्ला ने कमान संभाली और जल पुलिस अयोध्या सहित रौनाही पुलिस ने मिलकर रेस्क्यू शुरू किया। तो शाम तक बेउंदा मांझा क्षेत्र से किसी तरह पचास लोगों को बाहर सुरक्षित निकाला गया। इस दौरान तहसीलदार पवन कुमार बाढ़ और त्रासदी के आलम में फंसे लोगों की समस्याओं को लेकर कमिश्नर नवदीप रिणवा को अवगत कराया। वहीं बेउंदा मांझा क्षेत्र के बाढ़ पीड़ित जो कम्पोजिट विद्यालय ढेमवा व रौनाही में आश्रय लिए है। बाढ़ प्रभावितों का हाल चाल लेने एसडीएम मनोज श्रीवास्तव,कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, सपा नेता डा.राम रामसुमेर भारती के सामने महिलाओं ने रो रोकर अपना दुखड़ा सुनाया कि परिवार के लोग बाढ़ में बुरी तरह फंस गए है। मवेशियों को कोई पूछने वाला नहीं है। बेऊंदा मांझा निवासी इंद्रजीत और बब्बन यादव सहित महिलाओं ने बताया कि काफी संख्या में लोग अभी बाढ़ के पानी में फंसे है और दो सौ से अधिक गाय व भैंस मवेशी भूख से तड़प रहे है। इस दौरान बाढ़ प्रभावितों में गोंडा प्रशाशन की तरफ से कोई मदत न मिलने पर काफी नाराजगी देखी जा रही है।

# सहादतगंज से नया घाट मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण हेतु गठित क्रय समिति की हुई बैठक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार व विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार में सहादतगंज से नया घाट मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण हेतु गठित क्रय समिति की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी व विधायक द्वारा उक्त मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से प्रभावित होने वाले लोगों/व्यवसाइयों व संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ मार्ग चौड़ीकरण में आने वाले भूमि को व्यापारियों की सहमति से क्रय करने व भू–स्वामियों से भूमि के बैनामा कराने संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से प्रभावित भू स्वामियों/भवन स्वामियों को नियमानुसार उचित मुआवजा प्रदान करते हुए भूमि के बैनामा व अन्य कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्याप्ति, उप जिलाधिकारी सदर, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, तहसीलदार सदर सहित मार्ग से प्रभावित लोग/व्यवसाई उपस्थित रहे।

# दीपोत्सव को एतिहासिक बनाने के लिए कुलपति ने राम की पैड़ी पर वैदिक मंत्रोचार के साथ किया स्थल पूजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह ने दीपोत्सव–2022 को ऐतिहासिक बनाने के लिए शुक्रवार को दोपहर 3:00 बजे राम की पैड़ी पर मुख्य यजमान के रूप में वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन किया। इस पूजन में अयोध्या के महंत कमल नयन दास, मिथिलेश नन्दनीशरण दास, मंहत राज कुमार दास, मंहत राजू दास, मैथलीरमण शरण, एमबी दास, दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 अजय प्रताप सिंह, उपनोडल अधिकारी डॉ0 संग्राम सिंह, कुलसचिव उमानाथ शामिल रहे। वैदिक मंत्रोचार में वशिष्ठ गुरूकुल विद्यापीठ के बटुकों द्वारा मंगलाचरण सामुहिक रूप से किया गया। इसके उपरांत सरयू जलाभिषेक के साथ सफल आयोजन की कामना के लिए हवन यज्ञ किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 सिंह ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश व विश्वविद्यालय के सहयोग से दीपोत्सव को भव्य बनाया जाएगा। इसमें 15 लाख दीए जलाए जाएंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय आवासीय परिसर संबद्ध महाविद्यालयों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के 18 हजार से अधिक वॉलंटियर्स लगाए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा घाटों पर दिए बिछाए जाने की मार्किंग का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। निश्चित ही सभी के सहयोग से पांचवी बार दीपोत्सव को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया जाएगा। कुलपति ने बताया कि दीपोत्सव में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की सद्प्रेरणा से आम जनमानस को जोड़ने के लिए जनसहभागिता व जनसहयोग अभियान चलाया जा रहा है यह अभियान 18 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें लोगों से तेल, दीए, बाती, मोमबत्ती का अपेक्षित सहयोग मिल रहा है। इस अभियान से आम जनमानस का दीपोत्सव में भावनात्मक जुड़ाव भी होगा। कुलपति ने बताया कि अयोध्या का प्रांतीय दीपोत्सव पूरी दुनिया में सांस्कृतिक छटा बिखेर रहा है। इस आयोजन को लेकर भारतीय जनमानस सहित विश्वभर के लोग बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षारत है। विश्वविद्यालय प्रशासन दीपोत्सव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप रूप दे रहा है। कुलपति प्रो0 सिंह ने कहा कि प्रभु श्रीराम सभी आम जनमानस के हृदय में बसते हैं। इनका नाम लेने से ही कष्टों का निवारण हो जाता है। दीपोत्सव के वालंटियर्स व पदाधिकारी पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व पटल पर स्थापित करेंगे। दीपोत्सव नोडल अधिकारी व सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने बताया कि दीपोत्सव को भव्य बनाए जाने के लिए उत्तर प्रदेश शासन व जिला प्रशासन के समन्वय से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राम की पैड़ी के 37 घाटों पर दीए बिछाने के लिए घाट पर लगभग 13 लाख दीपों की आपूर्ति हो चुकी है। शेष दीप शीघ्र ही आयोजन स्थल पहुँच जायेंगे। घाटों के चिन्हिकरण का कार्य सम्पन्न हो चुका है। 21 अक्टूबर से आवासीय परिसर के वालंटियर्स सभी घाटों पर दीए बिछाने का कार्य शुरू कर देंगे। वहीं 22 व 23 अक्टूबर को विश्वविद्यालय, सम्बद्ध महाविद्यालयों व अन्य संस्थानों के वालंटियर्स दीए में तेल व बाती लगाने का कार्य करेंगे। इसके के लिए समिति के सदस्यों का यथा–आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान कर दिया गया है। पूजन कार्यक्रम में प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 एसके रायजादा, प्रो0 आरके सिंह, प्रो0 फारूख जमाल, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, प्रो0 विनोद श्रीवास्तव, प्रो0 रमापति मिश्र, डॉ0 राजेश कुमार सिंह, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, भाजपा के संजीव कुमार सिंह, शिवेन्द्र सिंह, डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 सुधीर श्रीवास्तव, डॉ0 वन्दिता पाण्डेय, शालिनी पाण्डेय, डॉ0 सरोज सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# पत्रकारों पर अब उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं – राजेन्द्र तिवारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर निगम स्थित शहीद भगत सिंह प्रतिमा के सामने पत्रकारों ने हुंकार भरी। बढ़ते हुए पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर और समाचार संकलन में आ रही बाधाओं को लेकर उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा )के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर सिटी मजिस्ट्रेट को पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। उपजा के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने कहा इधर देखने में आ रहा है बड़ी तेजी से पत्रकारों पर उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी है और आए दिन पत्रकारों पर हमले हो रहे हैं। इसके अलावा समाचार संकलन में भी बाधाएं उत्पन्न हो रही है। खबर छापने पर पत्रकारों पर एफआईआर तक दर्ज हो रही है। इन्हीं सब मांगों को लेकर आज हम लोग नगर निगम अयोध्या शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के सामने इस मांग को लेकर धरने की शुरुआत कर रहे हैं ।आने वाले समय में पूरे यूपी में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराने को लेकर मांग तेज की जाएगी और पूरे प्रदेश में धरना दिया जाएगा ।सरकार की तरफ से हमेशा अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जाते हैं कि पत्रकारों के साथ कोई गलत व्यवहार ना हो। पत्रकार भीड़ का हिस्सा नहीं है ।पत्रकारों द्वारा सच्चाई सामने लाने पर पत्रकारों को धमकी दी जाती है और इन पर हमले होते हैं और कई पत्रकारों की जान भी चली जाती है। इसलिए पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कानून का होना बहुत जरूरी हो गया है। ज्ञापन देते समय संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेपी गुप्ता उपाध्यक्ष राकेश वैद अजय श्रीवास्तव संगठन मंत्री रवि मौर्य कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र चौरसिया लव कुमार पांडेय मनीष पाण्डेय हेरम्ब सूर्यवंशी परमजीत कौर कपिल तिवारी बजरंगी साहू सतीश सावलानी मनोज दुबे साजिद हुसैन मोहम्मद जसीम मोहम्मद हसन उदयन आर्य प्रमोद कुमार पाण्डेय सिद्धार्थ विश्वास दीपक कुमार कमलेश पाण्डेय आरके श्रीवास्तव विजय श्रीवास्तव मीसम खान सहित भारी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

# नव सृजित साकेत नगर वार्ड में भाजपा नेता अनिल श्रीवास्तव उर्फ राजू श्रीवास्तव के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शुक्रवार को अयोध्या नगर निगम में नव सृजित वार्ड नंबर 33 साकेत नगर से पार्षद पद पर से इस बार भाजपा से चुनाव लड़ने की दावेदारी भाजपा नेता अनिल कुमार श्रीवास्तव उर्फ राजू श्रीवास्तव के कार्यालय का उद्घाटन हुआ।अयोध्या नगर निगम में देवकाली बेनीगंज संपर्क मार्ग पर रमन गेस्ट हाउस के बगल से साकेत पुरी जाने वाली सड़क पर स्थित उनके कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में आये अकबाल कृष्ण बिहारी श्रीवास्तव ने फीता काट कर विधि विधान पूजा सहित किया।इस मौके इस वार्ड से भाजपा से पार्षद पद के लिए चुनाव मैदान में दावा करने वाले समाजसेवी अनिल कुमार श्रीवास्तव उर्फ राजू श्रीवास्तव ने बताया कि इस वार्ड की चहुंमुखी विकास करना हमारी प्रथम प्राथमिकता होगी। अगर इस बार इस वार्ड की सम्मानित जनता हमे इस



वार्ड से पार्षद के रुप में चुनती हैं तो हम उसके उम्मीद पर जरुर खड़ी उतरेंगे।इस मौके पर उनके अलावा भगौती प्रसाद मौर्या,वंश बहादुर सिंह, सियाराम, डाक्टर कृतांत, डाक्टर तपन चौधरी, डाक्टर अजय तिवारी,नीरज राय, मधुकर आनंद, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव,बिन्नू श्रीवास्तव, कृपा शंकर सिंह, पुष्कर आनंद, अतुल श्रीवास्तव, कैलाश सिंह, अशोक वर्मा,वीरसेन, अभिषेक सिंह, राहुल श्रीवास्तव,अद्वा शंकर सिंह, राम शंकर सिंह, अरुण श्रीवास्तव, सूर्य श्रीवास्तव, फिरोज अहमद, महमूद आलम सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# सीएफओ राज किशोर राय ने अर्धवार्षिक निरीक्षण में कर्मियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शुक्रवार को मुख्य अग्निशमन अधिकारी अयोध्या राज किशोर राय ने फायर स्टेशन पुलिस लाइन अयोध्या का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया।इस मौके पर उन्होंने कंट्रोल रूम, स्टोर, मेस, बैरक,कार्यालय आदि का बारीकी से निरीक्षण कर वहां पर जो भी कमी मिली उस कमी को दूर करने का दिशा निर्देश प्रभारी अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार पाण्डेय को दिया।वही पर निरीक्षण के दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज किशोर राय ने वहां पर मौजूद समस्त वाहनों को बारीकी से निरीक्षण करते हुए आगामी त्योहारों के दृष्टिगत वहां पर मौजूद सभी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।मालूम हो कि आगामी दीपोत्सव, धनतेरस,छोटी दीपावली दीपावली सहित अन्य प्रमुख पर्वों पर विशेष सावधानी बरतनी होगी। इसके लिये पुलिस प्रशासन के साथ साथ अग्निशमन विभाग भी कमर कस लिया है।इसी कड़ी में मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज किशोर राय ने शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में स्थित अग्निशमन विभाग में जहां एक ओर वहां पर सभी अग्निशमन यंत्रों का बारीकी से निरीक्षण किया वही वहां







पर खड़े वाहनों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज किशोर कुमार राय ने बताया कि यहां निरीक्षण तो अर्धवार्षिक निरीक्षण है लेकिन उसके अलावा आगामी पर्वों को देखते हुए यह निरीक्षण और भी आवश्यक हो गया है।उन्होंने बताया कि आने वाले समय में दीपोत्सव, धनतेरस, छोटी दीपावली, दीपावली सहित अन्य प्रमुख पर्व है। जिसके चलते सभी अग्निशमन कर्मियों को बहुत ही सतर्क रहने की जरूरत है।उन्होंने बताया कि जिसके चलते यह निरीक्षण किया गया।इस मौके पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार पाण्डेय सहित अन्य फायर विभाग के कर्मी व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# दीपोत्सव को लेकर तैयारी समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सूचना एवं संस्कृति निदेशक शिशिर के निर्देश पर अपर निदेशक सूचना अंशुमान राम त्रिपाठी द्वारा आज विभागीय अधिकारियों के साथ दीपोत्सव 2022 की तैयारी की समीक्षा तथा भ्रमण किया गया। उल्लेखनीय है कि यह छठा दीपोत्सव मनाया जा रहा है इसमें सूचना निदेशक का मुख्य कार्य मीडिया सेन्टर की स्थापना, झांकियों की सजावट एवं प्रचार प्रसार आदि प्रमुख है। सूचना विभाग द्वारा साकेत महाविद्यालय में झांकियों का सजावट का कार्य शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है सूचना निदेशक द्वारा विगत वर्ष की भांति इस बार भी मुख्यालय के 3 दर्जन से ज्यादा अधिकारियोंकी डियुटी लगायी गयी जिसका संयुक्त निदेशक सर्वेश दूबे को नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा उप निदेशक सूचना अयोध्या एवं प्रभारी मीडिया सेन्टर मुख्यमंत्री लखनऊ डा0 मुरलीधर सिंह को स्थानीय एवं विभागीय स्तर पर समन्वयक बनाया गया है। उसके क्रम में अपर निदेशक का यह पहला भ्रमण था। इसमें सूचना विभाग के स्थानीय लेखाकार श्री अवधेश कुमार जायसवाल की डियुटी लगायी गयी, इसके अलावा अन्य सूचना विभाग के लोगों को दायित्व दिया गया है, जिसमें उपनिदेशक प्रदर्शनी, उपनिदेशक कम्प्यूटर, उपनिदेशक शोरूम मीडिया, उपनिदेशक इलेक्ट्रानिक मीडिया सहित सहायक निदेशकों की डियुटी लगायी गयी। अपर निदेशक सूचना द्वारा रामकथा पार्क, राम की पैड़ी, रामकथा संग्रहालय, झांकी निर्माण स्थल, साकेत महाविद्यालय आदि स्थलों का भ्रमण किया गया तथा मौके पर अधिकारियों के साथ बैठक भी किया गया तथा सभी तैयारियां प्रत्येक दशा में 19 अक्टूबर 2022 तक जल्द से जल्द कार्यो को पूरा करने का निर्देश दिया गया।

## नगर में शामिल हुए गांवों का होगा चहुमुखी व समग्र विकास–रामचंद्र यादव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आदर्श नगर पालिका परिषद रूदौली में शामिल किए गए 25 गांवों का चहुमुखी व समग्र विकास कराया जाएगा शहरी हुए इन गांवों में सभी प्रकार की सुविधाओं को जन जन तक पहुंचाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति को भी विकास की धारा से जोड़ा जाएगा। उक्त बातें रूदौली के भाजपा विधायक व विधानसभा उत्तर प्रदेश में विधान मंडल दल के सचेतक रामचंद्र यादव ने नगर पालिका में शामिल हुए ग्राम गोगावां में नगर सीमा विस्तार एवं जनचौपाल कार्यक्रम में कही।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक रामचंद्र यादव का ग्रामीणों ने फूल मालाओं से लादकर उनका भव्य एवं जोरदार स्वागत करते हुए गाँव को नगर पालिका में शामिल कराने के लिए उनका धन्यवाद दिया और शासन के प्रति आभार प्रकट किया। संबोधित करते हुए विधायक श्री यादव ने कहा कि अब इन गांवों की तस्वीर पूरी तरह से बदल जाएगी।इन गांवों में बहुत सारी सुविधाएं मूलभूत रूप से जोड़ी जाएंगी जिनका सीधा लाभ यहां रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मिलेगा।कहा कि इन गांवों का समुचित विकास उनके द्वारा कराया जाएगा।कार्यक्रम में उन्होंने जनता की समस्याओं को भी सुना तथा उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दूरसंचार के माध्यम से निर्देशित भी किया। ग्रामीणों द्वारा विधायक से गांव में लगे ST विद्युत तारों को LT करवाने की मांग की गई जिसका संज्ञान लेते हुए विधायक ने मौके पर ही क्षेत्र के अवर अभियंता श्रवण कुमार को बुलाया और एक्सईन को आदेशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह के अंदर इस कार्य का प्रस्ताव बनकर तैयार हो जाना चाहिए। बातों ही बातों में उन्होंने विरोधियों पर तंज भी कसा और कहा कि वो ऐसे ही चिल्लाते चिल्लाते खत्म हो जाएंगे हमे अपना काम करते रहना है उनपर ध्यान देने की जरूरत नही है। कार्यक्रम का आयोजन विकास वीर यादव पत्रकार द्वारा किया गया वहीं कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार राम राज ने किया। विधायक श्री यादव के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि,नगर अध्यक्ष शेखर गुप्ता,वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल शर्मा,भाजपा नेता राम राज लोधी,सभासद कुलदीप सोनकर,युवा नेता आशीष शर्मा,शिवपाल सिंह यादव नीरज सहित अन्य ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।वहीं ग्रामीणों द्वारा इन सभी का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।इस अवसर पर गांव के पूर्व उपप्रधान मंशाराम यादव,राजकुमार यादव टीटी,बाबा राम अचल यादव,भगवान बक्श यादव,राम आधार यादव,मो0 इसरार,श्यामलाल यादव,मो0 हारून,मो0 इलियाश,मो0 फरीद बाबा, हीरालाल यादव, रामराज यादव,मो0 मजीद,वासुदेव यादव, राधेलाल यादव,विजय बहादुर यादव योगाचार्य,बलकरन कोटेदार,लल्लू यादव,विजय गोविंद यादव यादव,मो0 मतीन,दाताराम सब्जी वाले,सुखदेव यादव,गुरु प्रसाद यादव,मो0 मुबीन,मनीचंद्र,कालिका प्रसाद यादव,महेश कुमार गौतम,लक्ष्मी कांत यादव,भुल्लन यादव,राम प्रताप यादव,सुनील कुमार गौतम,जग प्रसाद उर्फ धांधू,प्रेम प्रकाश यादव,रमाकांत यादव,आशीष यादव,राम अभिलाख यादव,राम कैलाश यादव,राजन यादव, फूलचंद यादव,मो0 अशरफ,विकास कुमार लोधी,शिवा यादव, शिवम यादव,उदयराज यादव सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

# ब्लाक परिसर में विधायक ने बांटा किसानों को निःशुल्क बीज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनांतर्गत रूदौली ब्लाक परिसर में स्थिति किसान सेवा केन्द्र पर मुख्य अतिथि विधायक राम चन्द्र यादव ने क्षेत्र से आये सैकड़ो किसानों को सरसों व मंसूर के बीज का मिनी किट निःशुल्क वितरित किया। इस मौके पर उपनिदेशक अयोध्या डॉक्टर संजय कुमार त्रिपाठी ने जैविक खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित किया।जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर ओ.पी.मिश्रा ने किसानों को खेत मे पराली न जलाने के लिए कहा।इसके साथ ही दलहन व तिलहन की फसलों को बढ़ावा देने के लिए कहा।इस मौके पर राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी अनिल कुमार,राम सुभाग,बाबूराम,प्रगति शील किसान राजेश पाण्डेय,हेतु लाल,श्यामानंद,राम चन्द्र सिंह,जगन्नाथ,मायाराम सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# बीओबी शाखा रामपुर भगन में दलालों का बोलबाला कायम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बैंक ऑफ बड़ौदा रामपुर भगन की शाखा में दलालों का बोलबाला कायम है इस शाखा में सुबह होते ही सक्रिय दलाल आ जाते हैं और ग्राहकों के आने की बाट जोहते हैं और कुछ दलाल बैंक के अंदर बैंक कर्मचारियों के साथ मिलजुल कर बैंकिंग काम मे हाथ बटआते हैं और बैंक ग्राहकों का दोहन करते हैं और बैंक कर्मचारी भी चंद पैसों की लालच में आकर बैंक ग्राहकों के काम की अनदेखी करते हैं जिससे ग्राहकों को बैंक से संबंधित कार्य करवाने के लिए दो–दो तीन–तीन महीने चक्कर लगाना पड़ता है इसके बावजूद भी कार्य नहीं होता है तो थक हार कर ग्राहक दलालों के माध्यम से पैसा देकर कार्य करवाने को मजबूर हो जाता है यहाआए ग्राहक बताते हैं कि इस शाखा में भ्रष्टाचार व धन उगाही दलालों के माध्यम से की जाती है ये दलाल कोई गैर नहीं कुछ तो बैंक के कर्मचारी हैं और कुछ बाहर के हैं।

## छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की अयोध्या महानगर इकाई ने सह मंत्री सत्यम दूबे के नेतृत्व में गुरुवार को महाविद्यालय में व्याप्त विभिन्न अनिमितताओं के निराकरण एवं छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर साकेत प्राचार्य डॉ अभय कुमार सिंह को ज्ञापन दिया। छात्र नेता गौरव सिंह ने बताया कि ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि महाविद्यालय में चल रहे अवैध पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट बंद कराया जाय, अन्यथा विद्यार्थी परिषद आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर शशांक सिंह विद्यार्थी, भूपेंद्र शुक्ला, रोहित वर्मा, आयुष, गौरव तिवारी, धर्मेश,अमन, अभिषेक, यशस्वी, शाश्वत, कौशल, आदर्श, प्रशांत तिवारी, रत्नेश, बृजमोहन श्रीवास्तव समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लावारिश था इसलिए पीएम कराना भूल गई पुलिस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सोशल मीडिया पर अक्सर पुलिस के मानवतावादी कारनामे की चर्चा रहती है। हालांकि यह हर मामलों में सटीक नहीं बैठती। एक लावारिश का चार दिन बाद भी पोस्टमार्टम नहीं हो सका, क्योंकि पुलिस भूल गई थी। जिला अस्पताल प्रशासन ने रिमांडर भिजवाया तो पांचवें दिन लावारिश का शव तो पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गया लेकिन कागजात न पहुंचने के चलते आज भी पोस्टमार्टम नहीं हो सका। बता दें कि लावारिस शक्स को 10 अक्टूबर को जिला अस्पताल लाया गया था । ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने परीक्षण किया तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। जिसके चलते अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाते हुए पोस्टमार्टम के लिए मेमो उसी दिन नगर कोतवाली पुलिस को भिजवाया था। नियम के मुताबिक शव की शिनाख्त न होने पर लावारिस के शव को 3 दिन अर्थात 72 घंटे पहचान के लिए रोका जाता है और इसके बाद उसका पोस्टमार्टम करवा अंतिम संस्कार करवा दिया जाता है। पीएम ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने बताया कि आज केवल दो ही पोस्टमार्टम हो पाए हैं।कागजात उपलब्ध न होने के चलते लावारिश शव का पीएम नहीं किया जा सका।

## रौनाही पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के थाना रौनाही पुलिस ने रौनाही थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया।रौनाही पुलिस ने स्थानीय थाना पर दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 352/22 धारा 376AB भा0द0वि0 व 5M/6 पाक्सो



एक्ट व 3(2)(V) SC/ST एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मनोज कुमार यादव पुत्र स्व0 रामनेवाज यादव निवासी ग्राम दयाल दुबे का पुरवा चिर्रा मोहम्मदपुर थाना रौनाही जनपद अयोध्या को मुखबिर खास की सूचना पर शनिवार को सोहावल चौराहे के ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया।इस आरोपी को उप निरीक्षक रवीश कुमार यादव थाना रौनाही व कांस्टेबल अश्वनी कुमार मिश्रा थाना रौनाही ने गिरफ्तार किया।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।